**DRAFT Advertisement for publishing in Employment News**

F.No.4-15/2015-MIDH (CDB)
Government of India
Ministry of Agriculture and Farmers Welfare
Department of Agriculture, Cooperation & Farmers Welfare
Krishi Bhawan, New Delhi

**Subject:- Advertisement for filling up one anticipated vacancy for the post of Chief Coconut Development officer in the Coconut Development Board (CDB), Kochi (Kerala).**

Applications are invited for filling up one anticipated vacancy in the post of Chief Coconut Development Officer in the pay scale of Rs. 15,600-39,100 + Grade Pay Rs. 7,600 in the Coconut Development Board (CDB), Kochi (Kerala), an autonomous organization under this Department on deputation or promotion basis. The eligibility conditions are as follows :-

**Deputation:-**

Officers under Central/State Governments/Union Territories/ Indian Council of Agricultural Research/Agricultural Universities/Public Sector Undertakings/Recognized Research Institutions or Councils/Semi-Government/Autonomous or Statutory Organizations:-

1.(i) Holding analogous posts on regular basis in the parent cadre/Department; or

(ii) With 5 years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in the pay scale of Rs. 15,600-39,100 + Grade Pay Rs. 6,600 or equivalent in the parent cadre/Department; and

(b) Possessing the educational qualifications and experience as follows:-

**Essential:-**

(i). Master's Degree in Horticulture or Agriculture or Plant Sciences of a recognized University or equivalent.

(ii). Knowledge of all aspects of coconut cultivation, marketing and processing so as to be able to advise the Board on the implementation of suitable development programme.

(iii).Ten years' experience in agricultural Research/Development/Extension/Processing/ Marketing work with particular reference to coconut.

**Desirable:-**

1.Doctorate of any of the subjects mentioned under essential qualifications.

2.Should possess experience of preparation of development project on the various aspects of the coconut industry.

3.Administrative experience in a responsible capacity.

4.Working knowledge of computers.

**Promotion:-**

1. The Directors in the Pay Band and Grade pay or Pay Scale of Rs. 15,600-39,100 with Grade Pay Rs. 6,600 or equivalent working in the Coconut Development Board and possessing the qualifications and experience prescribed in para 1.(b) above shall also be considered and in case of any of them is selected for appointment, he shall be treated as having been appointed on promotion.

2. Period of deputation including the period of deputation in any other Ex-Cadre post held immediately preceding the appointment in the same or some other organization shall ordinarily not exceed four years. The maximum age limit for appointment by deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of the receipt of the applications.

3. The officer selected on deputation basis will have the option to draw his grade pay plus Deputation (Duty) allowance or to have his pay fixed in the scale of the post in accordance with DOPT's OM No.2/8/97-Estt.(Pay II) dated 11.03.1998, as amended from time to time.

4. Application (three copies) in the given proforma, along with the complete and up-to-date confidential report dossiers (Photocopies of the CRs are to be got attested by an officer not below the rank of Under Secretary to the Government of India) and Integrity Certificate of eligible officers, who could be spared in the event of their selection, may kindly be forwarded to the Under Secretary (MIDH), Horticulture Division, Room No. 25 A, Ground Floor, Department of Agriculture, Cooperation & Farmers Welfare , Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi-110001, within 60 days from the date of publication of this advertisement in the Employment News.

5. While forwarding the applications, it may also be verified and certified that the particulars furnished by the officers are correct and that no vigilance case is either pending or contemplated against them and no major/minor penalty has been imposed on the officers during the last 10 years. Applications received after due date or without the CRs, Vigilance Clearance, Integrity Certificate and a statement showing major/minor penalty, if any, imposed on the officers during the last 10 years or otherwise found incomplete will not be considered.

(V. Talwar)
Under Secretary to Government of India

**Bio –Data Proforma**

1. Name and address in Block letters:
2. Date of Birth (in Christian era):
3. Date of retirement under Central/State Government rules;
4. Educational qualification:

| Level | Exam. Passed/Degree obtained | Division/ Grade and % of marks | Year of passing Degree/Diploma | Duration of the Degree/ Diploma course etc. | University | Subject | Subject of specialization |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

5. Please state clearly whether in the light of entries made by you above, you meet the requirements of the post:
6. Whether your candidature is for Appointment on transfer on deputation:
7. Details of employment, in chronological order. Enclose a separate sheet, duly authenticated by your signature, if the space below is insufficient.

| Name of post | Employer/Organization | From | To | Scale of pay and its classification | Nature of appointment | Whether appointment through UPSC/State PSC or otherwise | Nature of duty performed (in brief) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

8. Nature of present employment i.e. ad –hoc or temporary or quasi-permanent or permanent:
9. In case the present employment is held on deputation/contract basis, please state:
   a. The date of initial appointment :
   b. Period of appointment on deputation/contract:
   c. Name of the parent office/Organization to which you belong:

10. Additional details about present employment. Please state whether working under:
    (a) Central Government (b) State Government

    (c) Public Sector Undertaking (d) Commercial organization

11. Please state whether you are working in the same Department and are in the feeder grade in the feeder to feeder grade:
12. Are you in the revised scale of pay? If yes, give the date from which the revision took place and also indicate the per-revised scale:
13. Total emolument per month now drawn:

14. Additional information, if any, which you would like to mention in support of your suitability for the post. Enclose a separate sheet, if the space is insufficient:
15. Whether belongs to SC/ST/:
16 Remarks:

**Signature of the candidate**

**Certificate to be furnished by the Employer/Head of the Office/ Forwarding authority**

Certificate that the particulars furnished by Shri/Smt \Kum____________________are correct and he/she possesses the required educational qualifications and experience mentioned in the vacancy circular.

**Also certified that:**

a) There is no vigilance case pending/contemplated against him/her.
b) His/her complete ACR dossier/ACRs for the last 5 years duly attested (on each page) by an officer not below the rank of Under Secretary to the Govt. of India are closed.
c) His/her Integrity is beyond doubt.
d) No major/minor penalties have been imposed on him/her during the last 10 years/list of major/ minor penalties imposed on him/her during the last 10 years is enclosed.

Date:
Place:

Signature________________
Name & Designation______________
With seal________________

**मि.सं. 4-15/2015-एमआईडीएच(सीडीबी)**

**भारत सरकार**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग**

**कृषि भवन, नई दिल्ली-110001**

***

**विषयः-** विज्ञापन के माध्यम से नारियल विकास बोर्ड कोच्चि, केरल में मुख्य नारियल विकास अधिकारी के पद की प्रत्याशित रिक्ति पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

इस विभाग के अधीन एक स्वायत्त संगठन नारियल विकास बोर्ड कोच्चि (केरल) में 15600-39100 रु. + ग्रेड वेतन 7600 रुपये के वेतनमान में मुख्य नारियल विकास अधिकारी के पद की प्रत्याशित रिक्ति पर प्रतिनियुक्ति या पदोन्नति के आधार पर भर्ती करने के लिए आवेदन आमंत्रित हैं। पात्रता की शर्तें निम्नलिखित हैः-

**प्रतिनियुक्ति**

केन्द्र/राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद/कृषि विश्वविद्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों या परिषदों/अर्द्ध-सरकारी/ स्वायत्त या सांविधिक संगठनों के ऐसे अधिकारी जो-

1. (क) (i) मूल संवर्ग / विभाग में नियमित आधार पर समान पद पर काम कर रहे हों; या (ii) मूल संवर्ग/विभाग में 15600-39100 रु. + ग्रेड वेतन 6600 रु. के वेतनमान में या इसके समकक्ष नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात ग्रेड में पाँच वर्षों की सेवा कर चुके हों; तथा (ख) निम्नलिखित शैक्षणिक अर्हताएं तथा अनुभव प्राप्त कर चुके हों-

**अनिवार्य** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से बागवानी या कृषि या पादप विज्ञान में मास्टर डिग्री या इसके समकक्ष ।

(ii) नारियल की खेती, विपणन तथा प्रसंस्करण से संबंधित सभी पहलुओं की जानकारी ताकि बोर्ड को उचित विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में परामर्श प्रदान कर सकें ।

(iii) नारियल के विशेष संदर्भ में प्रसंस्करण विपणन/कृषि अनुसंधान/विकास/विस्तार के क्षेत्र में 10 वर्षों का अनुभव ।

**वांछनीय**

(i) अनिवार्य योग्यताओं के तहत उल्लिखित किसी भी विषय में डाक्टरेट डिग्री।

(ii) नारियल उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर विकास परियोजना के निरुपण का अनुभव होना चाहिए।

(iii) उत्तरदायित्वपूर्ण पद पर प्रशासनिक अनुभव ।

(iv) कंप्युटरों की कार्यसाधक जानकारी ।

**पदोन्नति**

नारियल विकास बोर्ड में 15600-39100 रु. तथा ग्रेड वेतन 6600 रु. के वेतनमान में या इसके समकक्ष वेतन बैंड तथा ग्रेड वेतन में कार्यरत निदेशक जो उपरोक्त पैरा 1 (ख) में निर्धारित योग्यता तथा अनुभव रखते हैं, की उम्मीदवारी पर भी विचार किया जायेगा तथा यदि उनमें से कोई नियुक्ति के लिए चयन कर लिया जाता है तो उसे पदोन्नति के आधार पर नियुक्त माना जायेगा।

2. प्रतिनियुक्ति की अवधि उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पहले धारित किसी अन्य संवर्ग-बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यतया चार वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

3. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए चुने गये अधिकारी को समय-समय पर यथा संशोधित दिनाँक 11/03/1998 में डी.ओ.पी.टी. के कार्य ज्ञापन सं. 2-8/97-स्था वेतन-II के अनुसार पद के वेतनमान में अपना वेतनमान निर्धारण कराने का अथवा अपना ग्रेड वेतन जमा प्रतिनियुक्ति (ड्यूटी) भत्ता आहरित करने का विकल्प होगा।

4. अनुरोध है कि ऐसे अधिकारियों के आवेदन (तीन प्रतियों में) संलग्न प्रपत्र में पूर्ण अद्यतन गोपनीय मूल्यांकन रिपोर्ट सहित (गोपनीय रिपोर्ट की प्रतिलिपियां भारत सरकार के ऐसे अधिकारी से सत्यापित होनी चाहिए जो अवर सचिव के पद से कम न हो) रोजगार समाचार में जारी होने की तारीख से 60 दिन के भीतर अवर सचिव (बागवानी), बागवानी प्रभाग, कमरा संख्या 25-ए, भू-तल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि भवन, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली-110001 के पास भेज दिये जाएं जिन्हें उनका चयन होने की स्थिति में छोड़ा जा सके और पात्र अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जाय।

5. आवेदन पत्र भेजते समय यह भी जांच की जाए कि अधिकारी द्वारा दिये गये ब्योरे सही हैं और उनके खिलाफ कोई सतर्कता मामला न तो लम्बित हैं और न ही ऐसा किये जाने का विचार है तथा पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर छोटा/बड़ा कोई दण्ड नहीं लगाया गया है। अंतिम तारीख के बाद प्राप्त आवेदन पत्र अथवा बिना गोपनीय रिपोर्ट, सतर्कता निकासी, निष्ठा प्रमाण पत्र और यदि पिछले 10 वर्षों के दौरान कोई छोटा/बड़ा दण्ड लगाया गया हो तो उसके विवरण के बिना अथवा अन्यथा अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

**(वी. तलवार)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**

# जीवनवृत्त प्रपत्र

1. नाम तथा पता (बड़े अक्षरों में) :
2. जन्मतिथि (अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार) :
3. कैन्द्रीय/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति तारीख :
4. शैक्षणिक अर्हताएं :

| स्तर | पास की गई परीक्षा/प्राप्त की गई डिग्री | डिविजन/ग्रेड तथा अंकों का % | डिग्री/डिप्लोमा पास करने का वर्ष | डिग्री/डिप्लोमा के पाठ्यक्रम इत्यादि की अवधि | विश्वविद्यालय | विषय | विशेषज्ञता का विषय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

5. आपके द्वारा दी गई उपर्युक्त प्रविष्टियों को ध्यान में रखते हुए कृपया स्पष्ट उल्लेख करें कि क्या आप पद की अपेक्षाओं को पूरा करते हैं?
6. नियुक्ति के लिए आपकी उम्मीदवारी स्थानांतरण पर अथवा प्रतिनियुक्ति पर है।
7. कालक्रमानुसार में रोजगार के विवरण, यदि नीचे का स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग पत्रक संलग्न करें।

| पद का नाम | नियोक्ता/संगठन | से | तक | वेतनमान और इसका वर्गीकरण | नियुक्ति का स्वरूप | क्या नियुक्ति सं.लो.से.आ./राज्य लो.से.आ. अथवा अन्यथा माध्यम से की गई है | निष्पादित ड्यूटी का स्वरूप (संक्षेप में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

8. वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप अर्थात तदर्थ अथवा अस्थाई अथवा अर्द्धस्थायी अथवा स्थायी।
9. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर है तो कृपया उल्लेख करें:-
   (क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख
   (ख) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि
   (ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंध रखते हैं।
10. वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त ब्योरे (संगत स्तम्भ में अपने नियोक्ता का नाम दर्शाएं):-
   (क) केन्द्र सरकार (ख) राज्य सरकार
   (ग) सरकारी क्षेत्र के उपक्रम (घ) वाणिज्यिक संगठन
11. कृपया बताएं कि क्या आप इसी विभाग में कार्यरत हैं और फीडर ग्रेड अथवा फीडर के फीडर ग्रेड में हैं?

12. क्या आप संशोधित वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं? यदि हाँ, तो तारीख बताएं जिसमें संशोधन किया गया था और पूर्वसंशोधित वेतनमान भी बताएं।
13. इस समय प्रतिमाह आहरित मूल वेतन और कुल परिलब्धियां।
14. अतिरिक्त सूचना, यदि कोई है, जिसका आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहेंगे, यदि स्थान अपर्याप्त है, तो अलग पत्रक संलग्न करें।
15. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित है।
16. अभियुक्तियां ।

**उम्मीदवार के हस्ताक्षर**

**प्रयोक्ता/कार्यालय अध्यक्ष/अग्रेषित करने वाले अधिकारी द्वारा जारी किये जाने वाला प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी.......................... द्वारा प्रस्तुत किये गये ब्योरे सही हैं तथा वे रिक्ति परिपत्र में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव प्राप्त कर चुके हैं। यह प्रमाणित किया जाता है कि-

(i) उनके खिलाफ सतर्कता संबंधी कोई मामला न तो लम्बित है/न ही उस पर विचार किया जा रहा है।

(ii) उनकी पूर्ण ए.सी.आर. डोजियर/विगत पांच वर्षों के लिए ए.सी.आर., जो भारत सरकार के ऐसे अधिकारी से सत्यापित होनी चाहिए जो अवर सचिव के पद से कम न हो, अधिकारी द्वारा (प्रत्येक पृष्ठ पर) विधिवत प्रमाणित है, संलग्न है।

(iii) उनकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है।

(iv) विगत 10 वर्षों के दौरान उनके खिलाफ कोई बड़ा/छोटा दण्ड नहीं लगाया गया है/विगत 10 वर्षों में उन पर लगाये गये बड़े/छोटे दंड की सूची संलग्न है।

**तारीख** ..................

**स्थान** ....................

**हस्ताक्षर**......................................

**नाम तथा पदनाम**.........................

**मुहर सहित**..................................